Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Chaudhary Shri Pankaj

an>

Title: Need to provide adequate facilities to ‘Madhvalia Gausadan’ in district Maharajganj, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद महराजगंज, उ0प्र0 में लावारिस तथा बीमार पशुओं के लिये आश्रय स्थल, चारा-पानी, दवा तथा बीमार पशुओं को लाने ले जाने के लिये एम्बुलेंस जैसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके परिणामस्वरूप घायल अथवा बीमार होने पर पशुओं को लाने ले जाने में जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अनेक बार समय पर इलाज न मिलने के कारण पशु घटना स्थल पर ही अथवा रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। अक्सर पशु घूमते हुए वाहनों से ठकरा कर घायल होकर सड़क पर पड़े रहते हैं तथा घंटों उनको उठाया नहीं जाता जिससे न के वल यातायात में बाधा आती है बल्कि बीमारी फैलने की भी आशंका बनी रहती है। इस जनपद में मधवालिया गोसदन है। जहां पर सुविधा के अभाव में पशुओं को रखने में कठिनाई हो रही है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मधवालिया गोसदन में पर्याप्त सुि वधायें उपलब्ध करायी जायें तथा वहां आश्रय स्थल निर्माण, चारा पानी, दवा तथा बीमार पशुओं को ले जाने के लिये एम्बुलेंस आदि सुविधायें उपलब्ध करायी जायें।